# पानी की समस्या का समाधान नहीं होने पर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**खैरथल, (निसं)।** शहर के वार्ड नंबर 16,18,19 के वार्ड की महिलाओं सहित पुरुषों ने पानी की समस्या का समाधान नहीं होने पर वार्ड पार्षद का घेराव किया। इसके बाद में पार्षद के नेतृत्व में जयपुर रोड पर मानव श्रंखला बनाकर महिलाओं ने करीब 4 घंटे रोड जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पाकर तहसीलदार भंवर सिंह मौके पर पहुंचे और समझाइश कर रास्ता खुलवाने के लिए व समस्या का निदान करने का भरोसा दिलाया।

बुधवार को 10:15 बजे 2 बजे तक रोड को जाम कर जलदाय विभाग के प्रति रोष जताकर नारेबाजी की एवं जलदाय विभाग मुर्दाबाद के नारे लगाए। 2 बजे के बाद तहसीलदार ने मौके पर आकर धरने स्थल पर लगे जाम को हटवाया एवं पानी की समस्या का जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। वार्ड नं 18 के पार्षद एवं वार्ड नं 16 के पार्षद विनोद वलेचा ने बताया कि करीब 3 महीने से वार्डों में पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं हो रही है।



खैरथल में पानी की समस्या को लेकर मानव श्रृंखला बनाकर महिलाओं ने रोड जाम किया।

जलदाय विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया गया परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई। विदित रहे की 3 सितंबर को वार्ड नं 18 के भाजपा पार्षद अंकित चौधरी के नेतृत्व में जलदाय विभाग कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर सहायक अभियंता कार्यालय पर ताला लगाकर रोष जाहिर किया गया था उसके बाद भी जलदाय विभाग द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। रोड जाम और धरना प्रदर्शन में वार्ड नं 18 के पार्षद अंकित चौधरी वार्ड नं 16 के पार्षद विनोद वलेचा वार्ड नं. 19 के पार्षद मुसरफ खान तैयब खान रामजी लाल खंडेलवाल विजेंद्र शर्मा चांदमल शर्मा नरेंद्र वशिष्ठ नवीन गुप्ता प्रेम कौशिक लक्ष्मी देवी शकुंतला देवी अर्चना गुप्ता सुनील कुमार महादेवी बबीता मुकेश बेबी आदि सैकडों पुरुष एवं महिलाएं मौजूद रही।

- तहसीलदार ने मौका स्थल पहुंच समाधान का भरोसा दिलाया

## कैन्टीन व चाय की थड़ियों का किया निरीक्षण

**टोंक, (निसं)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण इकबाल खॉन एवं अति. आयुक्त पंकज ओझा के दिशानिर्देशों की पालना में आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाये जाने हेतु विशेष अभियान "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार" के तहत टोंक शहर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार यादव ने बताया कि 11 सितम्बर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर, सुरेश कुमार शर्मा द्वारा टोंक शहर में कोर्ट परिसर में संचालित कैन्टीन व चाय की थडियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों पर कई प्रकार की अनियमितताऐं पायी गयी एवं कैन्टीनों व चाय की थडियों पर गंदगी पायी गयी साथ ही एक कैन्टीन पर खराब प्रकार का तेल काम में लिया जाते हुये पाया गया, जिसे मौके पर नष्ट करवाया गया। कैन्टीन संचालको व चाय की थडियों पर अनियमितताऐ पायेजाने के कारण खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के अन्तर्गत सुधार सूचना नोटिस जारी कर विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित की गयी।

## गणपति उत्सव में उमड़े श्रद्धालु

**किशनगढबास, (निसं)।** शहर के मुख्य बाजार खुराना चौक पर चल रहे गणेश उत्सव में दिन प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड उमड रही है। महिलाएं बच्चे डांडिया कर गणेश उत्सव में श्रद्धालुओं को आकर्षित किए हुए हैं।

प्रतिदिन सुबह और शाम आरती के दौरान गणपति भोग लगाकर प्रसाद वितरण करने वाले भक्तों का तांता लगा है। बुधवार सायं आरती के दौरान राधा रानी के जन्मदिन पर भक्तों की ओर से केक काटा गया। गुरुवार को श्रद्धालुओं की ओर से भंडारा रखा गया है। 16 सितंबर को अलवर के नटनी के बारां पर गणपति को विसर्जन के लिए ले जाया जाएगा।

## दौसा की रोमांचक जीत, अजमेर को दो विकेट से हराया

**दौसा, (निसं)।** राज्य स्तरीय कॉल्विन शील्ड सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को दौसा ने अजमेर को 2 विकेट से हराया। जलि क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि दौसा की सीनियर टीम ने अजमेर को दो विकेट से पराजित कर गौरवपूर्ण विजय हासिल की।

बारिश से बाधित मैच में 28 ओवरों का मुकाबला रहा। जिसमें अजमेर ने पहले खेलते हुए 159 रन बनाए। जिसमें करण मीणा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट, ताराचंद सोनी ने बेहद अनुशासित गेंदबाजी करते हुए 2० रन देकर दो विकेट और पुष्पेंद्र मीणा गेंदबाज ने दो विकेट हासिल किए। जवाब में दौसा की शुरुआत थोडी धीमी रही और 13 ओवर तक मात्र 37 रन बनाए। तीन विकेट का नुकसान हो चुका था ऐसी स्थिति में ओपनर सचिन शर्मा का साथ देने आए मनीष ने दो छक्के और दो चौके लगाकर टीम को गति प्रदान की। तभी दौसा को कप्तान मनीष शर्मा के रूप में एक और झटका लगा। सचिन शर्मा ने ताबडतोड 6 छक्के और चार चौके उडाते हुए 63 गेंद में 66 रन की जिताऊ पारी खेली। मात्र तीन गेंद पर 9 रन की आवश्यकता थी तब उतरे पुष्पेंद्र मीणा ने एक छक्का और एक चौका लगाकर टीम को शानदार जीत दिलाई। इस जीत पर जिला क्रिकेट संघ सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने पूरी टीम का हौसला बढाया और शुभकामनाएं दी।



दौसा की सीनियर टीम ने अजमेर को दो विकेट से पराजित कर गौरवपूर्ण विजय हासिल की।

## श्रद्धा से मनाई राधाष्टमी, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** मंदिर श्री गोपीनाथ जी श्रीमाधोपुर में बुधवार को राधा अष्टमी पूर्ण श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गई। मंदिर महंत मनोहर शरण दास महाराज ने बताए कि प्रात: काल से ही उत्सव कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

मंगल आरती पश्चात राधे रानी एवं राधा गोपीनाथ महाराज का पंचामृत अभिषेक का नवीन पोशाक का धारण कराया गया। प्रात: काल श्रृंगार आरती के पश्चात भक्तों ने संगीत में राधा रानी का सामूहिक नाम संकीर्तन किया वही कथा में राधा रानी को भगवान की अचिंत्य शक्ति एवं प्राण द शक्ति के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। राधा आविर्भाव प्रसंग के अनुसार ब्रह्म एवं स्वर्ण कमल से राधा रानी के आविर्भाव ब्रश भानु एवं कीर्ति द की कथा का विस्तार से व्याख्यान किया गया तथा दोपहर 12:30 बजे उल्लास एवं भव्यता के साथ सभी भक्तों ने श्रद्धापूर्वक पंजीरी एवं पंचामृत का प्रसाद ग्रहण किया।

**पावटा ।** उपखंड पावटा क्षेत्र में मंदिरों में बुधवार को राधा अष्टमी धूमधाम से मनाई गई। सुबह मंदिर में श्रद्धालुओं ने राधा-रानी की पूजा अर्चना की और दोपहर में भजन-कीर्तन का कार्यक्रम का आयोजन किया। मंदिर में आयोजित कीर्तन में महिलाओं ने राधा रानी के भजनों पर जमकर नृत्य किया। पावटा कस्बे के श्री राधा-कृष्ण मंदिर राठी वाला, मोदी मंदिर, नरसिंह मंदिर, गोपाल भैया मंदिर, मुरलीधर मंदिर, सीताराम मंदिर में बुधवार को राधा जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह मंदिरों मे राधा मोहनदास महाराज, मोहनदास रामायणी, गोविंद शर्मा, विकास शर्मा सहित महंतो व पुजारियों ने पूजा-अर्चना कराई। महिला श्रद्धालुओं ने गीत गाकर और नृत्य कर श्री राधा-रानी का जन्मोत्सव मनाया।



राधाष्टमी पर राधे रानी एवं गोपीनाथ महाराज का पंचामृत अभिषेक कर झांकी सजाई।

## बजट घोषणाओं का समयबद्ध तरीके से करे क्रियांवयन : प्रभारी मंत्री

- 17 सितंबर को कोटपूतली में लगने वाले मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव मेले के सफल आयोजन के दिए निर्देश

**कोटपूतली-बहरोड, (निसं)।** राजस्व उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण राज्य मंत्री और कोटपूतली-बहरोड जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी ने कहा कि जिले के लिए हुई बजट घोषणाओं का समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित करते हुए शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए ताकि आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा सके।

मंत्री विजय सिंह चौधरी ने उक्त निर्देश बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। बैठक में उन्होंने जिले की बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक अधिकारी घोषणाओं की गंभीरता समझते हुए पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करें। प्रत्येक घोषणा के क्रियान्वयन को नियमित फॉलो किया जाए। मंत्री विजय सिंह चौधरी ने बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई रोडों, जर्जर स्कूल की बिल्डिंगों, जर्जर सीएचसी तथा पीएचसी की बिल्डिंगों सहित अन्य कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंत्री विजय सिंह चौधरी ने 17 सितम्बर को होने वाले द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव मेले की समीक्षा की। मंत्री को कलेक्टर ने अवगत कराया कि मेले का आयोजन चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जावेगा। इस उत्सव में कुल 86 नवनियुक्त कार्मिक उपस्थित होंगें जिसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 78, शिक्षा विभाग के 7, विधि एवं विधिक कार्य विभाग का एक कार्मिक उपस्थित होंगें। राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोटपुतली को कार्यक्रम के लिए चिन्हित किया गया है। बैठक में कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व एसपी वंदिता राणा आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# फुलेरा जंक्शन पर लाईन बॉक्स बंद करने के विरोध में धरना प्रदर्शन

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा जंक्शन पर स्थित लॉबी रूम के सामने बुधवार को प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक ट्रेन मैनेजर और लोको पायलट के लाईन बॉक्स को बन्द करने सम्बन्धी रेलवे बोर्ड के आदेश के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन किया। इसी क्रम में ऑल इण्डिया गाड्र्स काउंसिल ने लॉबी और डीआरएम ऑफिस के सामने धरना दिया गया।

जानकारी के अनुसार ट्रेन मैनेजर अपने लाईन बॉक्स में रेलवे द्वारा गाडी संचालन के लिए दिए गए उपकरण ट्राइकलर टॉर्च, लाल व हरी झंडियां, टेल लैम्प, प्रेशर गेज, नियमों की किताबें, लोहे के तार, प्लायर, पेचकस और दस्तावेज रखते हैं। रेलवे बोर्ड ने कर्मचारियों की समस्याओं को नजर अंदाज कर लाईन बॉक्स को बन्द कर सभी उपकरण और दस्तावेज ट्रॉली बैग में रखने के आदेश जारी कर दिये।

इसी क्रम में ऑल इण्डिया गाड्र्स काउंसिल के मण्डल सचिव हरिप्रसाद प्रजापति का कहना है कि ट्रेन मैनेजर रेलवे के नियमानुसार 72 घंटे तक मुख्यालय से बाहर रहते है। इसलिए उनको अपने साथ रनिंग रूम में पहनने के लिए कपडे, दैनिक उपयोगी यूटिलिटी किट, एक अतिरिक्त यूनिफॉर्म, 3-4 लीटर पानी, खाने और नास्ते का सामना और सूखा राशन भी हर समय रखना पडता है। अब सुरक्षा उपकरणों से भरा एक और ट्राली बैग कैसे लेकर चलेंगे। आजकल ट्रेन मैनेजर के पद पर महिला और दिव्यांग अभ्यर्थियों की भी भर्ती हो रही है। ट्रॉली बैग लेकर चलना उनके लिए और अधिक मुश्किल होगा। वहीं आगे बताया कि माल गाडियों में कुर्सी की व्यवस्था नहीं होने पर ट्रेन मैनेजर्स लाईन बॉक्स पर बैठकर ड्यूटी करने को मजबूर होते हैं। सवारी गाडी में टेबल नहीं होने पर लाईन बॉक्स को टेबल के रूप में भी काम में लेते हैं जबकि रेलवे स्टेशन, यार्ड एवं साइडिंग में लाईन के एक छोर से दूसरे छोर तक जाने के लिए पक्का रास्ता नहीं है। रास्ते में झाडियां होने से ट्रॉली बैग कैसे लेकर जाएंगे। लाईन बॉक्स में सभी उपकरण और दस्तावेज सुरक्षित रहते है। जबकि ट्रॉली बैग में बरसात के मौसम में उपकरण और दस्तावेज खराब होने के साथ-साथ ट्रॉली बैग चोरी होने पर चोरों की पहचान कर पाना भी मुश्किल होगा।

एआईजीसी प्रतिनिधि मण्डल ने मण्डल रेल प्रबन्धक को अपनी विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष पूर्णेश कुलश्रेष्ठ, सचिव बाबूलाल मीणा एस, गणेश नारायण यादव, एच. के. मीणा, बी. एल. सरोज, मुकेश कडवासरा, कुलदीप सिंह राजपूत, शंकर लाल चौधरी, रमेश चन्द मीणा, मुकेश कुमावत, सुभाष चन्द, मुकेश बैरवा, विक्रम सिंह यादव सहित कई ट्रेन मैनेजर उपस्थित रहे।



फुलेरा जंक्शन पर लॉबी रूम के सामने ट्रेन मेनेजर्स ने शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन किया।

- रेलवे बोर्ड ने सभी उपकरण और दस्तावेज ट्रॉली बैग में रखने के आदेश जारी किये

## पांच किलो गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**किशनगढबास, (निसं)।** थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने किशनगढबास के मोठूका की तरफ से आने वाले रास्ते पर नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार तिजारा थाना क्षेत्र के गांव डोटाना के राहुल पुत्र महबूब खान को 5 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत ने बताया पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत किशनगढबास पुलिस व डीएसटी टीम ने मोटूका चौक की तरफ से आने वाले रास्ते पर नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल को रोककर चेक किया तो मोटरसाइकिल पर सवार राहुल पुत्र महबूब खान निवासी डोटाना तिजारा के पास एक कट्टे में 5 किलो गांजा मिलने पर युवक राहुल सहित मोटरसाइकिल को जप्त कर अवैध मादक पदार्थ एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। नाकाबंदी के दौरान उप निरीक्षक खैरथल दिनेश कुमार धनपाल व डीएसटी टीम के हरविलास सद्दीक खान सतपाल कृष्ण कुमार बृजेश कुमार ओम प्रकाश तथा किशनगढबास पुलिस के मैघसिह जोगेंद्र ने संयुक्त कार्रवाई कर अवैध मादक पदार्थ ले जाते राहुल पुत्र महबूब खान को गिरफ्तार किया।

## संक्षिप्त

### परशुराम धानका ने सीईओ पद संभाला

**टोंक, (निसं)।** राज्य में प्रशासनिक स्तर पर गत दिनो हुए तबादलों में परशुराम धानका जिला परिषद टोंक मुख्य कार्यकारी अधिकारी पद पर पदस्थापित किये गये। इससे पहले इस पद पर प्रतिष्ठा पिलानिया अपना कार्यभार देख रही थी, जिनका स्थानान्तरण अन्यत्र हो गया है। धानका मुख्य कार्यकारी अधिकारी पद के साथ ही एडीपीसी व ईजीएस एवं मुख्य प्रोजेक्ट अधिकारी (माडा) का कार्यभार भी देखेगें। परशुराम धानका टोंक जिले में इससे पूर्व भी कई पदों पर रह चुके है। वर्ष 2007 में उनियारा उपखण्ड अधिकारी, वर्ष 2019 में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं वर्ष 2022 में अति. जिला कलेक्टर एवं अति. जिला मजिस्ट्रेट टोंक के पद पर भी रह चुके है। इनके पदभार ग्रहण करने पर जिला परिषद कार्मिकों व समाज के अन्य गणमान्यजनों ने भावभीना स्वागत किया।



परशुराम धानका

### कृष्णा देवी उपाध्यक्ष नियुक्त


**नारायणपुर, (निसं)।** अलवर जिला महिला कांठोस कमेटी की जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी ने बुधवार को जिला कार्यकारिणी में कृष्णा देवी को महिला कांग्रेस कमेटी में जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया हैं। जानकारी के अनुसार जिला उपाध्यक्ष कृष्णा देवी पत्नी शिव कुमार इंदौरिया ग्राम पंचायत चांदपुरी की रहने वाली हैं। जिलाध्यक्ष ने नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष कृष्णा देवी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कृष्णा देवी जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिला उपाध्यक्ष बनने पर क्षेत्र में खुशी की लहर हैं।



कृष्णा देवी

### सिद्धार्थ जैन बना चैम्पियन

**टोंक, (निसं)।** मालपुरा के सन्त कबीर एकेडमी में सम्पन्न हुई 68वीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता (अंडर 14) टोंक शहर स्थित इमानुअल स्कूल के छात्र सिद्धार्थ जैन (कक्षा 7) ने जीत ली। शतरंज के प्रशिक्षक सुरेश बुंदेल ने बताया कि छात्र वर्ग में जिले के 52 खिलाडियों का पंजीयन किया गया था, जिनके 5 वर्ग बनाए गए। प्रत्येक वर्ग में विगत वर्ष राज्य स्तर पर चयनित 5 खिलाड़ियों में से एक-एक को प्रत्येक वर्ग में समायोजित किया जाकर प्रत्येक खिलाड़ी को 10 राउंड खिलाए गए। 11 वर्ष के नन्हें शातिर सिद्धार्थ जैन ने पूरे 10 राउंड जीते। फाइनल राऊंड में पांचों वर्गो के विजेताओं के बीच नॉकऑउट सिस्टम से प्रत्येक खिलाडी को 2 और 3 राउंड खिलाए गए, जिसमें भी सिद्धार्थ जैन ने सारे राउंड जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस तरह सिद्धार्थ जैन कुल 12 राउंड में अपराजित रहकर चौम्पियन बने। प्रसिद्ध गायक और शिक्षक मनोज कुमार जैन के पुत्र सिद्धार्थ जैन की रुचि शतरंज के अलावा संगीत, चित्रकला, कैरम बोर्ड, क्रिकेट व बैडमिंटन में भी है।



सिद्धार्थ जैन

### संजीव कुमार ने एसडीएम पद संभाला

**शाहपुरा, (निसं)।** उपखंड कार्यालय शाहपुरा जयपुर के नवनियुक्त उपखण्ड अधिकारी संजीव कुमार खेदर (चौधरी) ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। एसडीएम अशोक कुमार ने पदभार ग्रहण करवाया। इस दौरान लोगों ने साफा पहनाकर व गुलदस्ता भेंट कर नवनियुक्त एसडीएम का स्वागत किया।

### कलेक्टर आज करेंगे रात्रि चौपाल

**दौसा, (निसं)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर लालसोट एवं सहायक निदेशक लोक सेवाएं मनमोहन मीना ने बताया कि जिले की पंचायत समिति दौसा की ग्राम पंचायत महेश्वरा खुर्द में 12 सितम्बर गुरूवार को जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार द्वारा भ्रमण, निरीक्षण एवं रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

## सार-समाचार

### बस्सी स्कूल के बच्चों ने की हवाई यात्रा



**निवाई, (निसं) ।**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बस्सी के विद्यार्थियों को पढाई के प्रति प्रेरित करने का एक अनोखा उदाहरण पेश किया है। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. कुसुम कौशिक व शिक्षक रमेशकुमार वर्मा ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यालय के बच्चों को जयपुर से दिल्ली की हवाई यात्रा करवाई। होनहार छात्राओं ने हवाई यात्रा का आनंद लिया। स्कूल की प्राचार्या व शिक्षक ने 1०वीं और 12वीं की परीक्षा में अच्छे अंक लाने पर बच्चों को हवाई यात्रा करवाने का वादा किया था। इसी के चलते प्रिंसिपल के साथ बच्चे और शिक्षक पहले जयपुर पहुंचे। इसके बाद हवाई जहाज से दिल्ली पहुंचे। वहां पर राष्ट्रपति भवन, इंडिया गेट, कुतुब मीनार, लोटस टेम्पल, सुप्रीम कोर्ट, लाल किला व अक्षरधाम के भ्रमण के बाद दिल्ली मेट्रो ट्रेन में सफर का आनंद लिया। बाद में बच्चों को दिल्ली से जयपुर तक का सफर ट्रेन से करवाया।

### सांसद ने ज्यूस पिलाकर तुड़वाया अनशन

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा नगरपालिका के तीन संविदाकर्मी वेतन की मांग को लेकर 55 घंटे तक शाहपुरा नगरपालिका के बाहर आमरण अनशन पर बैठे रहे। बुधवार को जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने अनशन तुडवाया। आखिर 55 घण्टे बाद संविदा कर्मियों के बीच सहमति बनी और जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने संविदा कर्मियों का आमरण अनशन तुडवाया। शाहपुरा नगरपालिका के संविदा कर्मी महेंद्र टांक मुकेश कुमार व राजकुमार ने बताया कि वे शाहपुरा नगरपालिका में संविदा कर्मी के तौर पर कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है लेकिन चार साल से वेतन नहीं मिला है। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने संविदा कर्मियों को ज्यूस पिलाकर आमरण अनशन तुडवाया और बकाया वेतन का भुगतान करने के निर्देश दिए।

### हाईकोर्ट ने किया जवाब तलब

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने मालपुरा उपखंड के टोरडी सागर पंचायत की राशन की दुकान का लाइसेंस निलंबित किये जाने के 6 मई के आदेश पर रोक लगाते हुए राज्य के प्रमुख खाद्य आपूर्ति सचिव व टोंक के जिला रसद अधिकारी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। न्यायाधीश सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह अंतरिम आदेश टोरडी सागर के राशन डीलर रामजीलाल जांगिड द्वारा एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा मालपुरा के जरिये दायर की गई याचिका पर प्रारम्भिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में बताया गया है कि याचिकाकर्ता की राशन की दुकान का लाइसेंस टोंक जिला रसद अधिकारी द्वारा राशन वितरण में अनियमितता व अन्य कमियाँ बताते हुए लाइसेंस 6 मई 2024 को निलंबित कर दिया तथा विभाग की नीति के अनुसार निलंबन के 90 दिवस की अवधि समाप्त होने के बाद भी उसकी दुकान का लाइसेंस बहाल नही किये जा रहा है, जिसे याचिका में चुनोती दी गई है। अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद 6 मई के निलंबन आदेश पर रोक लगाते हुए, राज्य सरकार व अन्य से जवाब तलब किया है।

### नियमों को दरकिनार कर अवैध शराब की हो रही है बिक्री

**सावरदा, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर सावरदा, गिदानी, पालु खुर्द, अखैपुरा मोड आदि जगहों पर आबकारी अधिनियम को दरकिनार कर शराब माफिया लाईसेंसी दुकानों की आड में अवैध शराब की दुकानों का खुलेआम संचालन कर शराब की बिक्री कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सावरदा के राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्धारित दूरी को दर किनार कर सर्विस सडक किनारे कंटेनर रखकर अलसुबह सात बजे से शराब की ब्रिकी शुरू हो जाती है तथा देर रात तक बिक्री जारी रहती है। जबकि आबकारी विभाग के नियमो के अनुसार सुबह दस बजे से पहले शराब की दुकान खोलना एवं रात्री आठ बजे बाद शराब की बिक्री करना नियम विरुद्ध है। इसके अलावा गोदाम की आड में भी खुली शराब की बिक्री बेखौफ की जा रही है। गिदानी में एक दुकान की आड में दो काउंटर चलाए जा रहे हैं तथा राजमार्ग पर संचालित होटल ढाबों पर बेखौफ होकर शराब की सप्लाई देकर शराब बिकवाई जा रही है। इतना ही नहीं अखैपुरा ग्राम पंचायत में करीब तीन साल पूर्व निरस्त हो चुकी शराब की दुकान का यथावत संचालन जारी है और आबकारी विभाग इस और आंखें बंद कर तमाशबीन बना हुआ है। दूदू आबकारी विभाग के सीआई मुकेश कुमार से इस बाबत जानकारी चाहने पर उन्होने बताया कि मुझे दूदू कार्यभार ग्रहण किए अभी सप्ताह भर ही हुआ है। मामले की जांच करवाकर उचित कार्यवाही की जायेगी।

### भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील

**जयपुर, (निसं)।** भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी शाहपुरा पिछले दस दिनों से जम्मू कश्मीर के प्रवास पर है। प्रवास के दौरान उन्होंने अपनी जन्मभूमि चनैनी घोरडी से भाजपा प्रत्याशी बलवंत सिंह मनकोटिया की नामांकन सभा में सम्मिलित होकर जनसभा को संबोधित कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की ओर भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया की प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के 25 करोड गरीब परिवार गरीबी से ऊपर उठे हैं। लोगों के जीवन स्तर में व्यापक बदलाव हुए हैं। इसी के साथ पीएम आवास योजनान्तर्गत देश के 3 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के आवास मुहैया करवाए गए हैं। महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने की सोच के साथ उज्ज्वला योजना में उन्हें मुफ्त गैस सिलेण्डर प्रदान किए गए, वहीं राज्य सरकार ने प्रदेश के 76 लाख परिवारों को 450 रुपए में सिलेण्डर उपलब्ध करवाकर संबल देने का काम किया है। पीएम मुद्रा योजना व एमएसएमई की रिपोर्ट के अनुसार ऋण लेकर स्वयं का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बनकर देश की अर्थव्यवस्था के सुदृढीकरण में 60 प्रतिशत महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई है। राजीविका के लखपति दीदी कार्यक्रम से देश की 3 करोड़ महिलाओं के साथ प्रदेश की 5 लाख महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार होगा एवं देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग मिलेगा।

### युवक का फंदे से लटका मिला शव

**निवाई, (निसं)।** जैन कोलोनी में स्थित गोदाम के पीछे एक घर में मंगलवार की रात 33 वर्षीय युवक का शव पंखे से लटका हुआ मिला। 5 दिन पुराना शव स्वयं के ही घर में लटका हुआ मिला। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि कॉलोनी के पडोसियों ने सूचना दी की मकान के बाहर से तेज दुर्गंध आ रही है। सूचना पर थानाधिकारी वर्मा मय जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मकान का गेट खोल कर देखा तो वहां 33 वर्षीय एक युवक फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। उन्होंने बताया कि मृतक युवक का शव भयंकर दुर्गंध दे रहा था। थानाधिकारी वर्मा ने बताया कि मौके पर मौजूद पडोसियों ने बताया कि मृतक जयप्रकाश उर्फ बंटी पुत्र कन्हैयालाल शर्मा दतवास का रहने वाला है। युवक को हमने 5 तारीख को देखा था। उसके बाद कॉलोनी में दिखाई नहीं दिया। उन्होंने बताया मृतक काफी समय से यहीं पर अकेला निवास करता था। मृतक के दो भाई महाराष्ट्र में मजदूरी का कार्य करते हैं। मृतक की मां का 6 माह पूर्व ही देहांत हो गया था। पुलिस ने मृतक के शव को फंदे से उतारकर कब्जे में लिया और राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय की मौर्चरी में रखवाया और मृतक के भाइयों को सूचना दी। बुधवार की सुबह मृतक के परिजनों के आने के उपरांत पुलिस ने पंचनामा तैयार करवाकर पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### स्कूल की दीवार व फर्श क्षतिग्रस्त

**गोविंदगढ/अलवर, (निसं)।** ग्राम पंचायत सैमला खुर्द के गांव बुलाहेडी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय के कमरे की दीवार एवं फर्श तेज बारिश के चलते पानी भरने से क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे विद्यालय भवन में भी कई जगह दरारें आ गई। गनीमत रही कि उस समय विद्यालय में विद्यार्थी मौजूद नहीं थे। दशरथ सिंह ने बताया कि प्रात: काल 7:30 बजे बुलाहेड़ी के अध्यापक अशोक कुमार का फोन आया कि विद्यालय का भवन क्षतिग्रस्त हो गया है जिस पर मौके पर पहुंचकर उन्होंने देखा कि विद्यालय के भवन में संचालित पोषाहार रसोई के कमरे की दीवार और फर्श पानी के कारण क्षतिग्रस्त हो गए हैं और वहां रखी संदूक भी उसके अंदर धस गई है।